हापुड़ पुलिस

थाना - बहादुरगढ़ **दिनांक 16-04-2024**

- **थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर अभियुक्त को किया गिरफ्तार।**
- **जिसके कब्जे/निशानदेही पर 14 बने-अधबने अवैध तमन्चे, जिन्दा व खोखा कारतूस तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त अवैध शस्त्रों को बनाकर, डिमाण्ड आने पर अपराधी किस्म के लोगों को करता था सप्लाई।**
- **गिरफ्तार अभियुक्त प्रत्येक अवैध तमंचे को 5-7 हजार रूपये में बेचकर आर्थिक लाभ कमाता था।**

कार्यवाहीः-

पुलिस अधीक्षक श्री अभिषेक वर्मा महोदय के निर्देशन में जनपद में अवैध शस्त्र बनाने/बेचने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र फैक्ट्री का पर्दाफाश करते हुए एक शातिर अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया है, जिसके कब्जे/निशानदेही पर 14 बने-अधबने अवैध तमन्चे, जिन्दा व खोखा कारतूस तथा अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद हुए हैं।

उपरोक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना बहादुरगढ़ पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तारी का स्थान व समयः- ग्राम चित्तौड़ा की ओर जाने वाली नहर की पटरी पर खाली पडे खण्डर, *दिनांक-* 16.04.2024।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पताः-

शहजाद पुत्र हारून निवासी कस्बा डासना थाना बेव सिटी ग्रामीण जनपद गाजियाबाद।

गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहासः-

1. मु0अ0सं0 0069/2024 धारा 5/25 A Act, थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।

2. मु0अ0सं0 888/2013 धारा 454,380 भादवि थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद।
3. मु0अ0सं0 894/2013 धारा 380 भादवि थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद।
4. मु0अ0सं0 975/2013 धारा 457,380 भादवि थाना कविनगर जनपद गाजियाबाद।

बरामदगी का विवरणः-

- 08 अवैध तमन्चे .315 बोर।
- 06 अर्धनिर्मित अवैध तमंचे।
- 06 नाल।
- 02 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस।
- **अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण-** (01 हथोडी, 01 सडासी, 01 लोहे की चादर, 02 प्लास, 02 रेती, 03 छैनी, 01 सुम्मी, 02 पेचकस, 01 आरी मय ब्लेड, ठिया (05 किग्रा0 लोहे का बाट), 01 लोहा काटने का कटर, 01 धौकनी (भट्टी सुलगाने वाला पंखा), 01 लाइट आदि)।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1. उ0नि0 श्री वरुण कुमार सिंह थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
2. है0का0 825 अंकुर राणा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
3. है0का0 308 गजेन्द्र शर्मा थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।
4. है0का0 251 मुकेश कुमार थाना बहादुरगढ़ जनपद हापुड़।